राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक खबरें

जनता की समस्या,हर पल टाइम्स की खबर

HAR PAL TIMES

# हर पल टाइम्स

RNI NO:- MAHHIN/2011/24374

कार्यकारी संपादक : जमील जी. खान

● वर्ष : ०९ ● अंक : ०१ ● मुंबई, शुक्रवार, ०६ नवंबर से १२ सितंबार २०१९ ● पृष्ठ : ४ ● मूल्य : २/- रुपये

मुंबई, दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, आंध्रप्रदेश, गुजरात, झारखंड, चेन्नई, कलकत्ता जानेवाला अखबार,(०७४९८५३५२८६आपकी समस्या के लिए इस नंबर पर संपर्क करे)

## नए ट्रैफिक नियम पर पहली बार बोले गडकरी 'कानून का डर न होना अच्छी बात नहीं'



केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि सरकार का पेट्रोल-डीजल के वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, 'इस तरह की बातचीत उठी है और सरकार को सुझाव मिले हैं कि पेट्रोल-डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। मैं इस बात को स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि सरकार का पेट्रोल-डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं है। हम ऐसा कुछ भी नहीं करने वाले हैं।'

मंत्री ने नए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने पर कहा, 'सरकार जुर्माने की राशि बढ़ाने की इच्छा नहीं रखती है। मुद्दा यह है कि ऐसा समय आना चाहिए कि किसी को दंड न मिले और सभी नियमों का पालन करें।' उन्होंने कहा कि कानून का सम्मान और डर न होना अच्छी स्थिति नहीं है।

बता दें कि 24 अगस्त को गडकरी ने सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग की सिफारिशों को दरकिनार करते हुए कहा था कि केंद्र सरकार ने ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है और यह फैसला परिवहन मंत्री को लेना है, न कि नीति आयोग को। नीति आयोग ने प्रस्ताव दिया था कि तिपहिया वाहनों को 2023 और 150सीसी से कम क्षमता वाले दो पहिया वाहनों को 2025 तक सड़कों से हटा कर उनकी जगह इलेक्ट्रिक वाहन लाए जाएं।

नीति आयोग के इस कदम की ऑटोमोबाइल जगत में काफी आलोचना हुई थी। जिसका असर यह हुआ कि ऑटो इंडस्ट्री को 20 साल बाद जबरदस्त मंदी का सामना करना पड़ा। नितिन गडकरी ने कहा कि परिवहन मंत्री होने के नाते मैंने नीति आयोग के बहुत से प्रस्तावों को मंजूरी दी है, लेकिन इस मामले में मैं परिवहन मंत्री हूं और फैसला मुझे लेना है, न कि नीति आयोग को।

## अहमदाबाद में गिरी तीन मंजिला इमारत 1 की मौत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका



अहमदाबाद : गुजरात के अहमदाबाद में एक तीन मंजिला इमारत गिर गई है. इस दुर्घटना में एक शख्स की मौत हो गई है. घटना अमराईवाडी इलाके की बंगलावाली चाली में हुई. इस हादसे में अभी भी दो से चार लोगों के फंसे होने की आशंका है. मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंच गई है. राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है.

इससे पहले सोमवार देर रात को दिल्ली के सीलमपुर इलाके में एक चार मंजिला इमारत गिर गई थी. इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी. वहीं छह लोग घायल हो गए थे. इमारत के मलबे में कई लोग दब गए थे. दिल्ली के सीलमपुर में निमार्णाधीन बिल्डिंग गिरने के मामले में मुआवजे का ऐलान हो गया है.

घटनास्थल पर आज पहुंचे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मृतक के परिजन को 5 लाख का मुआवजा देने की घोषणा की. घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी. साथ ही बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी सरकार उठाएगी. केजरीवाल ने अवैध निर्माण की जांच का आदेश देते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया. सीलमपुर विधानसभा में ड ब्लॉक स्थित झुग्गियों में यह हादसा हुआ है.

## रूस में विकास के लिए भारत देगा एक अरब डॉलर का कर्ज: पीएम नरेंद्र मोदी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र के विकास के लिये उसके साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने संसाधन से भरपूर क्षेत्र के विकास के लिये एक अरब डॉलर की कर्ज सुविधा देने की भी घोषणा की।

पांचवें पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती केवल राजधानी शहरों में सरकारी बातचीत तक सीमित नहीं है बल्कि यह लोगों और करीबी व्यापारिक संबंधों की मित्रता के बारे में है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मौजूदगी में प्रधानमंत्री ने "सुदूर पूर्व में कार्य करो (एक्ट फार ईस्ट) की नीति भी पेश की। रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र के साथ गतिविधियों को मजबूत बनाने के इरादे से यह नीति लायी गयी है। उन्होंने कहा, 'रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र के विकास के लिये भारत एक अरब डॉलर की कर्ज सुविधा देगा। मेरी सरकार पूर्व की ओर कार्य करो (एक्ट ईस्ट) की नीति पर सक्रियता से काम कर रही है। यह हमारी आर्थिक कूटनीति को एक नया आयाम देगी।'

## कश्मीर को लेकर तिलमिलाया पाकिस्तान जंग पर उतारू, एलओसी पर तैनात किए 2000 सैनिक



कश्मीर मसले पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग पड़ चुका पाकिस्तान अब जंग की ढोल पीट रहा है। परमाणु युद्ध की खोखली धमकी देने के बाद अब पाकिस्तान ने नई पैंतरेबाजी करते हुए सीमा से सटे बाघ और कोटली सेक्टर में 2000 से ज्यादा सैनिकों को तैनात किया है। यह स्थान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित है।

भारतीय सेना के सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि इन सैनिकों को बैरकों से निकालकर एलओसी के 30 किलोमीटर के दायरे में तैनात किया गया है। भारतीय सेना पाकिस्तान के इस मूवमेंट पर करीब से नजर रखे हुए है। पाक ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब उसके आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद ने स्थानीय और अफगानों की बड़े पैमाने पर भर्ती करनी शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि पाकिस्तान ने पहले ही गिलगित बाल्टिस्तान में स्थित स्कर्दू हवाई अड्डे पर अपने जेएफ-17 युद्ध विमानों को तैनात कर दिया है। यह हवाई अड्डा लद्दाख के नजदीक है। भारतीय खुफिया एजेंसियां पाकिस्तानी सेना की इन गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

## शिवसेना का BJP सरकार पर तंज बेरोजगार सड़कों पर आएंगे तो उन्हें भी गोली मारोगे क्या

**मुंबई.** शिवसेना ने एक बार फिर मोदी सरकार पर निशाना साधा है. अनुच्छेद 370 हटाने और आर्थिक मंदी पर मुखपत्र सामना में लिखा है कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना और आर्थिक मंदी दो अलग विषय हैं. कश्मीर में विद्रोहियों को बंदूक के जोर पर पीछे धकेला जा सकता है लेकिन बेरोजगार सड़कों पर आएंगे तो उन्हें भी गोली मारोगे क्या?

वहीं गिरती अर्थव्यवस्था को लेकर डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा दिये गए बयान का शिवसेना ने समर्थन किया है. शिवसेना ने अपने मुखपत्र सामना के जरिये गिरती अर्थव्यवस्था को लेकर बीजेपी सरकार पर सवाल उठाया है. सेना की ओर से कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को अर्थशास्त्र और देश की अर्थनीति की अच्छी समझ है. सामना में लिखा गया है कि डॉ. मनमोहन सिंह ने बेवजह मुंह नही खोला है.

## संपादकीय...

# नई लड़ाई का हथियार

युद्ध अब बदल गए हैं। नए दौर की सामरिक चुनौतियों का सामना करने का तरीका है- लगातार नई व उन्नत रक्षा तकनीक और नए हथियारों को जखीरे में शामिल करना। पुराने हथियारों से नए युद्ध नहीं लडे. जा सकते और इस लिहाज से देखें, तो भारतीय वायु सेना में अपाचे एएस64ई का शामिल होना काफी महत्वपूर्ण कदम है। बोइंग कंपनी द्वारा बनाया गया यह लड़ाकू हेलीकॉप्टर हवाई हमला बोलने का सबसे आधुनिक हथियार है। खुद अमेरिकी सेना के अभियानों में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। यह हेलीकॉप्टर सिर्फ हमला बोलने का काम ही नहीं करता, युद्धस्थल की तस्वीरें खींचकर भी अपने एयरबेस पर ट्रांस्मिट कर देता है। अब युद्ध का अर्थ सिर्फ आमने-सामने की जंग ही नहीं है। इसमें कई छोटे-बड़े सर्जिकल ऑपरेशन भी करने होते हैं, अपाचे हेलीकॉप्टर सिर्फ हमला बोलने का नहीं, सर्जिकल ऑपरेशन का हथियार भी बन सकता है। इतना ही नहीं, यह आपात स्थिति में सैनिकों को नियत स्थान पर पहुंचाने, लाने-ले जाने का काम भी कारगर ढंग से कर सकता है। भारतीय सेना में रूस के बने पुराने एमआई-36 हेलीकॉप्टरों की जगह लेने वाला अपाचे एक संपूर्ण युद्धक मशीन है, जिसकी जरूरत भारतीय वायु सेना को काफी पहले से ही थी। इस हेलीकॉप्टर का वायु सेना में शामिल होना अगर स्वागतयोग्य है, तो इसमें हुई देरी भी एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर हमें गंभीरता से विचार करना चाहिए।

भारत को आधुनिकतम जंगी हेलीकॉप्टर चाहिए, यह बात तो देश में डेढ़ दशक पहले ही स्वीकार कर ली गई थी। ऐसे 22 हेलीकॉप्टर की खरीद के लिए 2008 में भारतीय वायु सेना ने बाकायदा ग्लोबल टेंडर भी जारी कर दिया था। इस पूरी खरीद प्रक्रिया में 11 साल का लंबा समय लग गया। इस बीच नई दिल्ली में तीन सरकारें बन गई। इस लंबी प्रक्रिया के बाद इस साल जुलाई में ऐसे आठ हेलीकॉप्टरों की पहली खेप गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर पहुंची, जिन्हें वहां पर पूरी तरह सज्जित करके मंगलवार को तैनाती के लिए पठानकोट एयरबेस भेजा गया, जो वायु सेना का एक अग्रिम मोर्चा भी है। यह पूरी कहानी हमारे देश की रक्षा सामग्री खरीद प्रक्रिया का पूरा हाल बताती है। इस तथ्य को स्वीकारना होगा कि आधुनिक सेना बनाने के हमारे सपने और रक्षा सामग्री की खरीद के पुराने तौर-तरीके एक साथ नहीं चल सकते। हम खरीद प्रक्रिया को आधुनिक व त्वरित नहीं बना सके, तो कुछ मोर्चों पर सेना पुरातन तौर-तरीकों तक सीमित रहने को मजबूर होगी।

अपाचे हेलीकॉप्टर की तैनाती भारत की एक और सफलता के बारे में बताती है। बोइंग कंपनी को इस बिक्री की इजाजत बाकायदा अमेरिकी विदेश विभाग ने दी थी। यह इसलिए अहम है कि अमेरिका दशकों तक भारत को हथियार देने में आनाकानी करता रहा है। इसी के चलते हमें लंबे समय तक रूस और फिर इजरायल से हथियार खरीदने पर मजबूर होना पड़ा था। जबकि हमारे पड़ोसी पाकिस्तान को अमेरिका ने लंबे समय तक एफ-16 बमवर्षकों समेत कई हथियार दिए हैं। आज अगर भारत इस प्रतिबंध से बाहर निकला है, तो इसे विदेश नीति की एक बड़ी सफलता माना जाना चाहिए। अब दुनिया का कोई भी देश इस मामले में भारत पर पाबंदी नहीं लगाता, जो बताता है कि रक्षा मामलों में भारत की छवि एक जिम्मेदार देश की बनी है।

# दोबारा बनेगी महायुति की सरकार

**मुंबई :** बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा और शिवसेना को मिली भारी जीत के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ राज्य में दोबारा महायुति की सरकार बनेगी।

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तरफ से कराए गए गुप्त सर्वेक्षण में ऐसा संकेत मिला है। भाजपा के सर्वेक्षण में राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 229 सीटें भाजपा और शिवसेना की महायुति को मिलती दिख रही हैं। इस सर्वेक्षण से भाजपा और शिवसेना के नेताओं और कार्यकताओं का मनोबल मजबूत हुआ है। बता दें कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने अपनी तरफ से एक सर्वे कराया है, जिसमें राज्य की जनता भाजपा और शिवसेना की सरकार के कामों से संतुष्ट है और 288 सीटों में से 229 सीटें महायुति को देकर राज्य में दोबारा भाजपा और शिवसेना की




सरकार बनाने का स्पष्ट संकेत दिया है। साथ ही लोगों ने दोनों पार्टियों को युति करने के लिए आग्रह किया है।

गिरीश महाजन वहीं सरकार के संकटमोचक कहे जाने वाले राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि अक्टूबर महीने में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में महायुति 288 में से 240 सीटें जीतेगी, जबकि विपक्षियों को 48 सीटों पर संतुष्ट करना पड़ेगा। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि चुनाव में भाजपा का आंकड़ा कभी गलत नहीं होता। पार्टी द्वारा किया गया सर्वे सही साबित होगा। क्योंकि राज्य की जनता देवेंद्र फड़नवीस सरकार द्वारा किए गए विकास कामों से संतुष्ट है।

बता दें कि 2014 में हुए राज्य में विधानसभा चुनाव में भाजपा और शिवसेना ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था जिसमें भाजपा को 122 तो शिवसेना को 63 सीटें मिली थीं। वहीं 15 साल राज्य में सत्ता पर काबिज रहे कांग्रेस को 42 और राकांपा को 41 सीटों से ही संतोष करना पड़ा था। चुनाव के बाद किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला जिसके बाद भाजपा और शिवसेना को मिलकर सरकार बनानी पड़ी थी। आने वाले अक्टूबर महीने में युति सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है। राज्य में अक्टूबर महीने में विधानसभा चुनाव होना है। इसके लिए गणेशोत्सव के बाद 13 सितंबर के आसपास चुनाव आयोग आचार संहिता एवं चुनाव तारीखों की घोषणा कर सकता है।

# बेंगलुरु से मुंबई पहुंचा मेट्रो का डिब्बा

**मुंबई :** मेट्रो 2 और 7 कॉरिडोर पर दौड़ने वाला मेट्रो का पहला डिब्बा ( प्रोटो ) मुंबई पहुंच गया है। मेक इन इंडिया मुहिम के तहत मेट्रो के इन दो कॉरिडोर के लिए बेंगलुरु में 500 डिब्बों का निर्माण हो रहा है। इस योजना का पहला डिब्बा सोमवार को मुंबई पहुंचा। मेट्रो 2 और 7 कॉरिडोर के के निर्माण का काम अंतिम चरण में है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने वर्ष 2020 तक इस मार्ग से सेवा शुरू करने की योजना बनाई है। इस मेट्रो के पहले डिब्बे को एमएमआरडीए ग्राउंड में रखा जाएगा। डिब्बे के मुंबई पहुंचने पर एमएमआरडीए कर्मियों द्वारा इसकी पूजा की गई, इस दौरान एमएमआरडीए आयुक्त आर.ए. राजीव भी मौजूद थे।

एमएमआरडीए ने मेट्रो 2 अ , मेट्रो 2 ब और मेट्रो 7 के लिए 378 डिब्बों के निर्माण का जिम्मा बीईएमएल कंपनी को सौंपा है। इसके लिए एमएमआरडीए ने कंपनी के साथ 3015 करोड़ रुपये का करार किया है। 6 डिब्बों की नई 63 मेट्रो ट्रेनों को इस रूट पर चलाने की योजना है। मेट्रो की अन्य परियोजना के लिए कंपनी को 21 ट्रेनों और मेट्रो



ट्रेन का ठेका कंपनी को दिया गया है। 21 ट्रेनों में कुल 126 डिब्बों होंगे। जुलाई 2020 में एमएमआरडीए को पहली छह डिब्बों की गाड़ी मिल जाएगी। अत्याधुनिक सुविधा वाले छह डिब्बों की मेट्रो में एक साथ 2092 यात्री सफर कर सकते हैं, जबकि मौजूदा समय में घाटकोपर से वसोर्वा के बीच चल रही चार डिब्बों की मेट्रो में 1500 यात्री सफर करते हैं। एमएमआरडीए के अनुसार, सभी डिब्बों में चालक और यात्री के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए विशेष यंत्र लगाए जाएंगे। मेट्रो के यह नए रैक पूरी तरह स्वचालित होंगे। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी डिब्बों में सीसीटीवी की भी व्यवस्था की गई है। डिब्बों के निर्माण में 3.20 मीटर चौडे स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुंबई समेत आसपास के परिसर में मेट्रो की विभिन्न परियोजनाओं का काम चला रहा है।

सरकार ने वर्ष 2026 तक मेट्रो की सभी परियोजनाओं का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

सहारा ट्रावेल्स व बॉम्बे गुजरात रोडवेज के मालिक मुश्ताक साहब और कुदरत साहब की ओर से...
सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद



सहारा के साथ सुहाना सफर
SAHARA TRAVELS
Travel once you love forever
Head Office: 6-1-1082/B/I, Hotel Krishna Complex, Lakdi Ka Pul, Hyderabad-04.
Contact No's: 040-23298483, 66745786 65138483
Call on: 9396669999 Email: saharatravels@gmail.com
Online Booking www.saharabus.com
Branches: Afzal Gunj Hyd: 65979786, 9391830030 Aghapura Hyd:040- 32906111, (FAX):040-24801333 Prashanti Nagar: 9393346631 Balanagar: 9391830014 - 14 Mumbai Market V T: 9323034780 Sion: 24044222, 93228 Vashi: 9323034783, 27832803-04 Pune: 40026506, 32334555 Bangalore: 080-40927105-6 Indore:9926426935,09303355337
आपका सामान जिम्मेदारी और हिफाजत के साथ पहुंचाया जायेगा
BOMBAY GUJRAT ROADWAYS
A DIVISION OF MUSHTAQ TRANSPORT PVT. LTD.



Express parcel courier service by VOLVO Buses 24x7 hours
Head Office : 11-1-294/B &C, Aghapura, Hyderabad.500001
Contact No's: 040-24800273,24800785 (FAX):040-24801333
Email : bgr_hyd@yahoo.co.in
BRANCHES: Secunderabad : 9346243111, 9393346631
Prashanti Nagar : 9391830014 Balanagar 040-65993831
Bombay Sion: 9322871960 Vashi: 02232466708, 0932303483
Vapi: 9377890785 Bhiwandi: 9323034783.

## राज्यपाल सी विद्यासागर राव की विदाइ

**मुंबई :** महाराष्ट्र के राज्यपाल पद का कार्यकाल पूर्ण कर चुके सी विद्यासागर राव को मंगलवार को शासन की तरफ से राजभवन में भावपूर्ण विदाई दी गई। महाराष्ट्र के नए राज्यपाल पद पर चुने गए भगत सिंह कोश्यारी का शपथ ग्रहण गुरुवार, 5 सितंबर को शाम 6 बजे राजभवन में होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने विद्यासागर राव को शॉल व पुष्पगुच्छ देकर उन्हें विदाई दी और उनका आभार प्रकट किया। इस दौरान राज्यपाल को नौसेना की तरफ से सलामी दी गई।

## कांग्रेसी अब्दुल सत्तार बने शिवसैनिक

**मुंबई :** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। राज्य के पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार शिवसेना में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। पार्टी पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। सत्तार कांग्रेस के बड़े मुस्लिम चेहरा माने जाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी। सत्तार औरंगाबाद जिले की सिलोद सीट से विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह सीट जालना लोकसभा का हिस्सा है। औरंगाबाद एक मुस्लिम बाहुल्य इलाका है और शिवसेना सत्तार के माध्यम से मुस्लिम वोटर्स को साधने की जुगत में जुट गई है। औरंगाबाद से शिवसेना के 4 बार के सांसद चंद्रकांत खैरे को इस बार हार का मुंह देखना पड़ा था। इसलिए अब्दुल सत्तार का पार्टी से जुड़ना एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

गौरतलब है कि अब्दुल सत्तार ने इसी साल हुए आम चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक के रूप में विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख रहे रावसाहेब दानवे की मदद की थी, जो जालना लोकसभा सीट से चुनाव जीते थे।

# सबला अब अधिक सबल...

**बालकों की देखभाल के हेतु :** 36 जिलों में 39 बाल कल्याण समितियाँ। 36 जिलों, 939 तालुकों तथा 30 हजार 417 ग्रामों में बाल सुरक्षा समिति। 1 लाख 10 हजार आंगनवाड़ीयों में **आंगनवाड़ी आकार संशोधित पाठ्यक्रम :** 25 लाख लड़के-लड़कियों को लाभ। महिला अत्याचार, उत्पीड़न से सुरक्षा के हेतु एक ही छत के नीचे चिकित्सा देखभाल, समुपदेशन, पुलिस सहायता, मानसोपचार, विधि सहायता, अल्प कालिक निवास आदि सुविधाओं से लैस वन स्टॉप क्राईसिस सेंटर 36 जिलों में प्रारंभ।

**माहेरघर योजना:** आदिवासी तथा दूरस्थ पहाडी प्रदेश की गर्भवती महिलाओं के लिए पालघर, नंदुरबार, नाशिक, नांदेड, यवतमाल, अमरावती, गोंदिया, चंद्रपुर, गडचिरोली इन नौ जिलों में प्रारंभ। **'माहेरघर'** के कारण सुरक्षित प्रसूति। संस्थात्मक प्रसूति में बढ़ोतरी। आदिवासी क्षेत्र में माता तथा बाल मृत्यु में कमी लाने हेतु योजना लाभदायक

# सर्वोत्तम उपलब्धि
# महाराष्ट्र का सम्मान

### मेरी कन्या भाग्यश्री
- बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करने हेतु लाभ
- कुल लाभार्थी 3932

### आंगनवाड़ी सेविका, सहायकों के पारिश्रमिक में बढ़ोतरी
- 2 लाख से अधिक आंगनवाड़ी सेविका तथा सहायकों को लाभ

### महिला बचत गट
- बचत गटों की संख्या: 3 लाख 97 हजार 137
- लाभार्थी परिवार : 32 लाख 86 हजार 146
- ग्रामसंघ : 6888
- समूह गट: 26 हजार 465
- प्रशिक्षण प्राप्त : 1 लाख 15 हजार

### अस्मिता योजना
- पंजीकृत बचत गट : 28 हजार 374
- ब्याज मुक्त ऋण : 9440 गटों को
- जिला परिषद की शालाओं की 3 लाख 71 हजार लड़कियों का पंजीकरण



#### आधार तथा सम्मान
मजदूरी से परिवार का निर्वाह होता है। शादी के बाद गर्भ महसूस हुआ। लड़की हो गई। कुल वित्तिय स्थिति के अवलोकन पर दूसरी बार लड़का या लड़की हो, वहीं पर रुकना तय किया था। दूसरी भी लड़की ही हो गई। सरकार ने हमारे इस फैसले का सम्मान, मेरी कन्या भाग्यश्री योजना का लाभ देकर किया। हमारी दूसरी लड़की के नाम 25 हजार रुपए की राशि जमी की गई। इससे हमें आधार मिला। लड़की की शिक्षा का बोझ अब हम पर नहीं होगा।

– दिनेश तथा राजश्री वाघधरे
वर्धा



#### अस्मिता ने की हमारे हित की रक्षा
'उमेद' के माध्यम से हमारे बचत गट ने 'अस्मिता योजना' के अंतर्गत सैनिटरी नैपकिन की सबसे ज्यादा मांग पंजीकृत की। महिलाओं में स्वास्थ्य विषयक जनजागृति की जा रही है। पाठशाला, ग्रामसभा तथा प्रत्यक्ष मुलाकात से छात्राओं तथा महिलाओं को अस्मिता सैनिटरी नैपकिन के बारे में मार्गदर्शन दिया। क्षेत्र की पाठशाला में सैनिटरी नैपकिन की आपूर्ति की जा रही है।
एक सामाजिक कार्य में हम हाथ बटाँ रहे हैं, इसका हमें संतोष है।

– ऋणानुबंध महिला बचत गट
मातेरेवाडी, जि. नाशिक



#### जैसे मेरा मायका
अत्यंत दूरस्थ क्षेत्र में हमारा गांव है। बारिश ज्यादा होती है। मैं नौ महीने की गर्भवती। मुझे सरकारी दवाखाने में माहेरघर में भर्ती किया गया। मेरी प्रसूति अच्छी तरह से हो गई। लड़की हो गई। तीन दिनों के बाद मुझे घर में भी छोड़ गये। माहेरघर की परिचारक ने अच्छी मदद की। मै और मेरी बेटी अच्छे हैं। यह माहेरघर मेरे मायके जैसा ही लगता है।

– सुशीला तुलशीराम मत्तामी
केलिगट्टा गडचिरोली



श्री. नरेंद्र मोदी
मा. प्रधानमंत्री

श्री. देवेंद्र फडणवीस
मा. मुख्यमंत्री

सूचना एवम् जनसंपर्क महानिदेशनालय, महाराष्ट्र सरकार

# ठाणे में महिला ने बेटों की हत्या कर की आत्महत्या

**ठाणेः** ससुरालवालों की प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला ने अपने दो बेटों की हत्या के बाद आत्महत्या कर ली। महिला के घर से सुइसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें यह बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी में विवाद था और बच्चों की कस्टडी को लेकर गुजरात के भुज के पुलिस शिकायत के बाद वहां अदालत में मामला चल रहा था। कासरवडवली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, 28 वर्षीय सीताबेन का विवाह भुज निवासी राजेश वाविया के साथ 7 वर्ष पहले हुआ था। दंपती को दो बेटे लक्ष्य (5) तथा रुद्र (4) थे। राजेश का भुज में गैराज है। वह पत्नी और बच्चों के साथ वहीं रहता था। आरोप है कि राजेश पत्नी को आए दिन शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। सीताबेन ने स्थानीय पुलिस



स्टेशन में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। करीब एक महीने पहले सीताबेन दोनों बेटों के साथ घोडबंदर रोड के वाघबील स्थित ग्रीन एकर्स इमारत में रहने के लिए भाई महेश पटेल के घर आ गई थीं। उनका भाई घर से बाहर गया था। इसी दौरान सीताबेन ने अपने बेटों की हत्या कर दी और फिर फांसी लगा ली। भाई जब शाम को लौटा और दरवाजा नहीं खुला, तो उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पहुंचकर दरवाजा खोला, तो बच्चों के शव हॉल में लगे सीलिंग फैन और सीताबेन का शव बेडरूम में लगे सीलिंग फैन से लटका था। सीताबेन ने साड़ी से बेटों का गला घोंटकर उन्हें पंखे से लटका दिया था। फिर खुद भी पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी।

घर की तलाशी में पुलिस ने गुजराती में लिखा सुइसाइड नोट बरामद किया है। इसमें सीताबेन ने लिखा था कि ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर बच्चों की हत्या कर वह आत्महत्या कर रही हैं। उन्होंने लिखा कि पति बहुत पापी है, इसलिए बेटों के शव ससुराल वालों को न देकर उनका भाई ही अंतिम संस्कार करे। वरिष्ठ निरीक्षक किशोर खैरनार ने बताया है कि मामले की जांच जारी है।

# मोदी की रैली इको फ्रेंडली होगी

## कपड़े के झंडे, 10 हजार मटके का इस्तेमाल होगा



**पानीपत (सुशील भार्गव).** आठ सितंबर को हरियाणा के रोहतक में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली इको फ्रेंडली होगी। झंडे प्लास्टिक की जगह कपड़े के रहेंगे। रैली में आने वाले करीब तीन लाख पन्ना प्रमुखों और कार्यकर्ताओं और आमजन की प्यास बुझाने के लिए करीब 10 हजार मिट्टी के मटकों का प्रयोग किया जाएगा। इंतजाम के लिए ओबीसी मोर्चे की ड्यूटी लगाई गई है। हर पांडाल में 40 से 50 मटकों को रखा जाएगा।

भाजपा के महामंत्री एडवोकेट वेदपाल ने बताया कि रैली पूरी तरह से इको फ्रेंडली होगी, क्योंकि पिछले दिनों पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व स्तर पर कम से कम प्लास्टिक प्रयोग पर जोर दिया था। जिस मंच से पीएम संबोधन करेंगे वह जर्मन तकनीक से वह 200 गुणा 300 फीट का बनाया जाएगा। कम से कम प्लास्टिक के प्रयोग पर जोर दिया जा रहा है। स्वच्छता के लिए एक विशेष टीम भी बनाई गई है।

# कुछ समय के लिए बूचड़खानों और मांस की दुकानें बंद किया जाना असंवैधानिक नहीं: बॉम्बे

**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि समाज के किसी विशेष वर्ग की भावनाओं को ध्यान में रखकर कुछ समय के लिए बूचड़खानों और मांस की बिक्री बंद किया जाना असंवैधानिक नहीं है. मुख्य न्यायाधीश प्रदीप नंद्राजोग और न्यायमूर्ति भारती डांगरे ने इस मामले में बॉम्बे मटन डीलर्स एसोसिएशन और मेहुल मेपानी नामक व्यक्ति की याचिकाओं पर राहत देने से इनकार कर दिया. याचिकाकर्ताओं ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) और मीरा भायंदर नगर निगम के परिपत्रों को चुनौती दी थी जिसमें जैन समुदाय के 'पर्युषण' पर्व के दौरान बूचड़खानों और मांस बेचने वाली दुकानों को बंद



रखने का निर्देश दिया गया था. सितंबर 2015 में निगमों ने परिपत्र जारी किए थे कि हर साल चार से दस दिन तक चलने वाले पर्युषण पर्व के दौरान सभी बूचड़खाने और मांस बेचने की दुकानें बंद रखी जाएंगी. पर्युषण पर्व आमतौर पर अगस्त और सितंबर में मनाया जाता है. जैन समुदाय इसे पवित्र अवधि मानता है और इस दौरान उपवास और 'ध्यान' करता है. याचिकाकर्ताओं का दावा था कि दुकानें बंद रखने का निर्देश आजीविका के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है. उन्होंने परिपत्रों पर रोक लगाने की अपील की है. अदालत ने कहा, 'हमारे विचार में समाज के किसी विशेष वर्ग की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अगर कुछ समय के लिए बूचड़खाने और मांस की दुकानें बंद हैं, तो यह असंवैधानिक नहीं है.' अदालत ने कोई राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि वह बाद में किसी तारीख पर इन याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई करेगा.

# मालेगांव ब्लास्ट केसः कर्नल पुरोहित ने एनआईए की 'इन-कैमरा ट्रायल' मांग का

2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस के आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित ने मंगलवार को अपनी सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सहित कई कारणों के आधार पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी की 'इन-कैमरा ट्रायल' की मांग का समर्थन किया. पुरोहित ने अपने वकील श्रीकांत शिवाडे के माध्यम से विशेष एनआईए अदालत के समक्ष कहा कि एक खुले ट्रायल से 'गैंगस्टर्स और आतंकवादियों' सहित सभी तक मामले के ट्रायल की पहुंच आसान हो जाएगी. एनआईए ने पिछले महीने मामले की ह्यसंवेदनशील प्रकृति' का हवाला देते हुए इन-कैमरा परीक्षण की मांग की थी. 29 सितंबर, 2008 को महाराष्ट्र के



नासिक के मालेगांव में विस्फोट किया गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी और 101 लोग घायल हो गए थे. अब तक लगाया गया. इससे पहले एनआईए ने इस केस की कार्यवाही को प्रकाशित करने और मुकदमे को कैमरे में कैद करने से मीडिया को प्रतिबंधित करने की मांग की थी. द इंडियन एक्सप्रेस सहित 11 मीडिया संगठनों के एक समूह ने एनआईए की याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष ने किसी भी गवाह द्वारा आशंका का आरोप लगाते हुए कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है और मुकदमे की रिपोर्टिंग की वजह से किसी तरह का मतभेद नहीं है. आरोपी कर्नल प्रसाद पुरोहित के वकील श्रीकांत शिवाडे ने मंगलवार को कहा कि चूंकि उन्होंने सैन्य खुफिया अधिकारी के रूप में काम किया था, इसलिए वह राष्ट्र-विरोधियों के टारगेट लिस्ट में थे और उनकी जिंदगी को राष्ट्र विरोधियों से खतरों का सामना करना पड़ा. उन्होंने दलील दी कि अगर किसी की पहुंच के बिना इस मामले का ट्रायल किया जाता है तो कोई पक्षपात नहीं किया जाएगा.

# ट्रैफिक पुलिस परेशान करे तो आपके पास हैं ये अधिकार

नया मोटर व्हीकल एक्ट लागू हो जाने के बाद ट्रैफिक नियमों को तोड़ना भारी पड़ने लगा है. नए एक्ट में ट्रैफिक रुल्स तोड़ने पर भारी भरकम जुर्माना वसूला जा रहा है. ट्रैफिक पुलिस नए एक्ट के हिसाब से मुस्तैदी से नियमों का पालन करवा रही है. नियमों का उल्लंघन करने पर हजारों-हजार के चालान कट रहे हैं.

ट्रैफिक नियमों को फॉलो करना जरूरी है लेकिन आपको नियमों का हवाला देकर ट्रैफिक पुलिस परेशान नहीं कर सकती है. ट्रैफिक पुलिस के जवान आपसे गलत व्यवहार नहीं कर सकते हैं. साथ ही आपको अपने अधिकार भी पता होने चाहिए. ट्रैफिक पुलिस आपको रोक सकती है. लेकिन आपके पास भी कुछ अधिकार हैं. जिस तरह से आप नियमों से बंधे हैं, वैसे ही ट्रैफिक



पुलिस के जवानों को भी नियम फॉलो करने हैं. मसलन हर ट्रैफिक जवान को यूनिफॉर्म में रहना जरूरी है. यूनिफॉर्म पर बकल नंबर और उसका नाम होना चाहिए. अगर ये दोनों ट्रैफिक पुलिस के पास नहीं हैं तो आप उससे पहचान पत्र दिखाने को कह सकते हैं. अगर ट्रैफिक पुलिस अपना पहचान पत्र दिखाने से मना करता है तो आप अपनी गाड़ी के दस्तावेज उसे न दें.

दूसरी अहम बात है कि जिस ट्रैफिक पुलिस ने आपको रोका है, उसके पास चालान बुक या ई-चालान होना चाहिए. इसके बिना वो नियमानुसान चालान नहीं कर सकते.

जब भी आपको कोई ट्रैफिक पुलिस का जवान रोकता है तो आप गाड़ी आराम से किनारे लगाएं. अपनी गाड़ी के दस्तावेज उसे दिखाएं. ये ध्यान रखें कि आपको गाड़ी के दस्तावेज दिखाने हैं, उन्हें ट्रैफिक पुलिस को सौंपना नहीं है. इस दौरान आपको ट्रैफिक पुलिस से सहयोग करना है. लेकिन जवान का भी आपके साथ शालीनता से पेश आना जरूरी है. ट्रैफिक पुलिस के जवान जबरदस्ती आपकी गाड़ी की चाबी नहीं निकाल सकते. आपके साथ किसी भी तरह की बदतमीजी नहीं कर सकते. आपको भी ट्रैफिक पुलिस के साथ बहस से बचना चाहिए. परेशानी की हालत में ट्रैफिक पुलिस भी आपकी समस्या को समझते हुए नरमी से पेश आ सकते हैं.

मालक, मुद्रक, प्रकाशक वसीम जे. खान ने शिरनाजी प्रिंट, एम.एल.कॅम्प, चेंबूर, मुंबई -४०००८९ से छपवाकर, प्लॉट नं. २५ डी/१. शिवाजी नगर, गोवंडी, मुंबई - ४०००४३ से प्रकाशित किया। संपादक: वसीम जे. खान. RNI NO:- MAHHIN/2011/24374 .
Email--harpaltimes.press@gmail.com 074985 35286 (सभी विवाद निपटारे के लिए न्यायक्षेत्र मुंबई,महाराष्ट्र होगा।)